# आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कार्य करें

रतलाम। मैं कोरोना वालेंटियर अभियान अंतर्गत कोरोना नियंत्रण में समाज का योगदान तथा भविष्य की रणनीति के संबंध में कोरोना वालेंटियर्स की जिला स्तरीय वर्चुअल बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसमें जिले के कोरोना वालेंटियर व परिषद के विकासखंड समन्वयक आनलाइन शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना वालेंटियरों ने ग्राम स्तर पर वैक्सीनेशन, मास्क जागरूकता, सामाजिक दूरी, ग्राम में अनावश्यक आवाजाही नियंत्रण आदि कार्यों में सहयोग किया। अब पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी कार्य करें। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



रतलाम में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी से चर्चा करते हुए अजाक्स पदाधिकारी। • नईदुनिया

## गांव में किसे वैक्सीन नहीं लगी, पटवारी को हो जानकारी

रतलाम। ग्राम पंचायत के सचिव तथा पटवारी के पास सूची अपडेट रहे, उनके पास जानकारी हो कि गांव में कितने लोगों को वैक्सीन नहीं लगा है। बूथवार कर्मचारी तैनात किए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए।

राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं की मंजूरी दी गई है। इसका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने किया गया। बैठक में बताया गया कि तीन सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रारंभ किया जाएगा। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र सम्मिलित हैं।

वैक्सीनेशन में बाजना, सैलाना तथा आलोट में कमजोर प्रगति पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को माइक्रो प्लानिंग के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड को लेकर अनमोल पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पाया गया एएनएम के माध्यम से कराई जाने वाली डाटा एंट्री कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर कलेक्टर द्वारा साथ नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्देशित किया गया कि डाटा एंट्री में कोताही नहीं बरती जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डा. अजहर अली, जिला टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील, एपिडेमियोलाजिस्ट गौरव बोरीवाल, डा. प्रमोद प्रजापति, जिले के खंड चिकित्सा अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### टीकाकरण करवाने में देगा सहयोग अजाक्स

मप्र अजाक्स द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की गई। इस अवसर पर एसपी गौरव तिवारी भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों को अजाक्स द्वारा कोरोना काल में किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी अंचल रावटी-बाजना और आलोट में मात्र 10 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, जो काफी चिंता का विषय है। इस पर अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने रावटी, बाजना व आलोट तहसील अध्यक्ष के माध्यम से तेजी से कार्य करने का विश्वास दिलाया। एसपी ने बताया कि शिवगढ़ जैसे ग्रामीण अंचल के हाट बाजार काफी भीड़भाड़ वाले होते हैं। इस भीड़ को कैसे रोका जाए। इस पर अजाक्स टीम ने विश्वास दिलाया कि हम हैंड बिल छपवा कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास करेंगे। मास्क लगाना अनिवार्य बताएंगे और लोगों से दूरी का आह्वान करेंगे। संरक्षक मानसिंह डामोर, सचिव आरसी मईड़ा, रमेश कटारिया, एसएस भिड़े व मांगीलाल चौहान उपस्थित थे।

## फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए आज वैक्सीनेशन कैंप

रतलाम। शहर में पंजीकृत करीब दो हजार से अधिक फल एवं सब्जी विक्रेताओं के वैक्सीनेशन के लिए आठ जून को डीआरएम आफिस में विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। कैंप में विक्रेता को अपना पंजीयन पत्र लाना अनिवार्य होगा, जिस पर वैक्सीनेशन के बाद सील लगाई जाएगी।

जिन विक्रेताओं ने पूर्व से वैक्सीनेशन करवा लिया है वे भी यहां आकर अपने पंजीयन पत्र पर वैक्सीनेशन होने की सील लगवा सकेंगे। उक्त जानकारी देते हुए एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि कई व्यापारिक संगठनों द्वारा वैक्सीनेशन करवाया जा चुका है। कपड़ा, बर्तन, आटो और मैजिक संगठन भी अपने सदस्यों की सूची सौंपे ताकि उनका भी प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन समय पर किया जा सके।

जिम्मेदार मौन

# कोरोना संक्रमण का सबसे अधिक खतरा, वहां सबसे ज्यादा लापरवाही

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करने में जुटा है। वहीं दूसरी और स्वास्थ्य विभाग में बड़ी लापरवाही सामने आई है जिसका प्रशासन द्वारा संक्रमण रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर गलत असर पड़ सकता है। दरअसल जिस स्थान पर सबसे ज्यादा संक्रमण का खतरा बना हुआ है, वहीं पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

हम बात कर रहे हैं जिला अस्पताल की जहां इन दिनों ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीजों की भीड़ लग रही है। यहां पर लोग कतार में तो खड़े हैं लेकिन इतनी करीब कि एक से दूसरे में बीमारी फैलने में देर ना लगे। यहां मरीज और उनके परिजनों द्वारा न तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है और न कोई जिम्मेदारी से करवा पा रहा है। जिसके चलते यहां यदि गलती से कोई कोरोना संक्रमित मरीज, सामान्य मरीजों के संपर्क में आता है तो इससे सामान्य मरीज और उसके परिजनों की जान पर खतरा मंडरा सकता है।

## हर तरफ लापरवाही

अस्पताल परिसर में ओपीडी की कतार में हर तरफ लापरवाही का आलम नजर आ रहा है। यहां पर सामान्य ओपीडीसी के साथ ही अन्य ओपीडी, लैब और दवा काउंटर पर भी मरीजों की कतार लगी नजर आती है. यदि यहीं पर जिम्मेदार नियमों का पाठ नहीं पढ़ाएंगे और लोग भी स्वयं अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेंगे तो संक्रमण फैलने से कोई नहीं रोक पाएगा।

पत्रिका 8/6/21

# तीन साल के दौरान 65 नई स्वास्थ्य संस्थाएं बनेंगी

## सरवन में स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आने वाले तीन सालों में जिले की स्वास्थ्य सुविधा मजबूत होगी। तीन साल में 65 नई स्वास्थ्य संस्था बनेंगी तो वहीं, 47 नए उप स्वास्थ्य केंद्र भी शुरू किए जाएंगे। राज्य शासन ने इनकी मंजूरी दे दी है। सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अनुमोदन किया गया।

बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया कि 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं की शुरुआत की जाएगी। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। वर्ष 2021-22 से लेकर 2023 तक की कार्य योजना के तहत जिले में 4 नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे। इसी साल सैलाना विकासखंड के ग्राम सरवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इसी तरह 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 47 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र शुरू किए जाएंगे।

**यहां कम वैक्सीनेशन से नाराजगी:-** इधर बाजना, सैलाना व आलोट में कम वैक्सीनेशन हुआ है। इसे लेकर कलेक्टर नाराज भी हुए। अधिकारियों को माइक्रोप्लानिंग बनाने का कहा है। कलेक्टर ने कहा जिस तरह चुनाव होता है, वैसे ही वैक्सीनेशन किया जाए। सचिव व पटवारी के पास सूची अपडेट रहे। उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कैंप लगाए जाएं। अनमोल एप पर डाटा एंट्री को लेकर भी कलेक्टर नाराज रहे।

दै. भास्कर 8/6/21

२

# स्वास्थ्य सेवाएं होगी सुदृढ़, आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाएं प्रारंभ होंगी

रतलाम। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का नियोजित ढंग से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं की मंजूरी दी गई है जिनका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य

अधिकारी वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजिस्ट गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति, जिले के खंड चिकित्सा अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि वर्ष

**प्रधानमंत्री ने कहा :** हमारी वैक्सीन नहीं होती तो भारत जैसे विशाल देश में क्या होता?

# 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर नागरिक को मुफ्त टीका, राज्यों की जिम्मेदारी खत्म



नई दिल्ली ● 7 जून ( स्वदेश समाचार ) कोरोना महामारी से निपटने के लिए देशभर में चलाये जा रहे टीकारण अभियान को लेकर उठ रहे सवालों के बीच केन्द्र सरकार ने आज एक बड़ा फैसला लेते हुए 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त टीका लगाने का ऐलान किया और राज्यों को टीका खरीदने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष कोरोना की पहली लहर के बाद घोषित की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का फायदा दूसरी लहर के बाद भी लोगों को देने के लिए इसकी अवधि दीपावली तब बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ये घोषणा की साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा- कोरोना की लड़ाई में टीका सुरक्षा कवच की तरह है। पूरी दुनिया में टीका बनाने वाली कंपनियां गिनी-चुनी हैं। अभी हमारे पास भारत में बनी वैक्सीन नहीं होती तो भारत जैसे विशाल देश में क्या होता। पिछले 50-60 साल का इतिहास देखेंगे तो पता चलेगा कि भारत को विदेशों से वैक्सीन हासिल करने में दशकों लग जाते थे। वैक्सीन का काम पूरा हो जाता था, तब भी हमारे देश में टीकाकरण का काम शुरू नहीं हो पाता था। पोलियो, स्मॉल पॉक्स, हैपेटाइटिस बी की वैक्सीन के लिए देशवासियों ने दशकों तक इंतजार किया था। आज ये निर्णय लिया गया है कि राज्यों के पास टीकाकरण से जुड़ा जो 25 प्रतिशत काम था, उसकी जिम्मेदारी भी भारत सरकार उठाएगी। ये व्यवस्था आने वाले 2 सप्ताह में लागू की जाएगी।

## राष्ट्रसंबोधन



18 साल से बड़े सभी लोगों को 21 जून से अब केंद्र सरकार मुफ्त में कोरोना की वैक्सीन देगी। राज्यों को अब इसके लिए कुछ भी खर्च नहीं करना है।



देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को दिवाली तक मुफ्त राशन दिया जाएगा। यानी नवंबर तक। योजना वही- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना।

## नवंबर तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज

प्रधानमंत्री ने कहा- देशवासियों आज एक और बड़े फैसले से अवगत कराना चाहता हूं। पिछले साल जब तालाबंदी लगाना पड़ी तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ देशवासियों को 8 महीने तक मुफ्त राशन दिया गया। दूसरी वेव के कारण मई और जून के लिए भी ये योजना बढ़ाई गई। आज सरकार ने फैसला लिया है कि इस योजना को अब दीपावली तक आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार गरीब की हर जरूरत के साथ उसका साथी बनी है। नवंबर तक 80 करोड़ गरीबों को तय मात्रा में मुफ्त अनाज उपलब्ध होगा।

## वैक्सीन आई तो शंकाओं-आशंकाओं को बढ़ाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा- जब से भारत में वैक्सीन पर काम शुरू हुआ, तभी से कुछ लोगों ने ऐसी बातें कहीं, जिससे आम लोगों के मन में शंका पैदा हुई। कोशिश ये भी हुई कि वैक्सीन निर्माताओं का हौसला पस्त हो, बाधाएं आईं। भारत की वैक्सीन आई तो अनेक माध्यमों से शंका और आशंका को बढ़ाया गया। भांति-भांति के तर्क प्रचारित किए गए। इन्हें भी देश देख रहा है। जो लोग वैक्सीन को लेकर आशंका और अफवाहें फैला रहे हैं, वो भोले-भाले भाई-बहनों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसी अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है।

स्वदेश

स्वदेश 8/6/21

# भवन अनुज्ञा में हो पेड़ लगाने का स्पष्ट प्रावधान

**भोपाल ● 7 जून ( ब्यूरो )**
नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि राज्य के हरित क्षेत्र में वृद्धि कर प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ रखने व प्रकृति को प्राणवायु से समृद्ध करने के उद्देश्य से जन-सहभागिता के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौधारोपण के लिए अंकुर कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक भवन अनुज्ञा में मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम-67 के अनुरूप पौधारोपण किया जाना आवश्यक होगा। श्री सिंह ने कहा कि जारी की जाने वाली भवन अनुज्ञा में स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए कि भवन निर्माण के साथ कितने पेड़ लगाना होंगे। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नए प्रावधान में 100 वर्गमीटर से छोटा भूखंड होने पर पार्क या सार्वजनिक स्थल पर पौधा लगाना और उसकी सुरक्षा करना आवश्यक होगा। भवन निर्माण पूर्ण होने पर निर्धारित संख्या में पौधारोपण किया गया है, यह सुनिश्चित करने के उपरांत ही आधिपत्य प्रमाण-पत्र जारी किया जाए।

स्वदेश

## टीका लगवाओ-दुकान खोलो - सारंग

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नया प्रयोग करते हुए व्यापारी संगठनों की दुकान खुलवाने की मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा है कि 'टीका लगवाओ-दुकान खुलवाओ' के नारे के साथ सभी दुकानदारों और उन पर काम करने वाले वर्कर्स को टीकाकरण करवाना जरूरी रहेगा। श्री सारंग की अध्यक्षता में आज स्मार्ट सिटी कार्यालय में जिला प्रशासन और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मार्केट खोलने संबंधी अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजधानी भोपाल में गुरुवार से पूरा मार्केट खुलेगा, इसके लिए दुकानदारों को 100 प्रतिशत टीकाकरण करवाना होगा, साथ ही कोविड गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए ही दुकानें खोलने की अनुमति दी जाएगी। श्री सारंग ने कहा कि शनिवार को भी मार्केट खोलने की अनुमति दिए जाने पर विचार किया जा रहा है।

स्वदेश 8/6/21

# अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी और डिस्टिक कमांडेंट होमगार्ड को नोटिस



रतलाम। अधिकारी अपने विभाग की रेटिंग का ध्यान रखें। राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली जिलों की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

## ▸ कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक विभाग की रैंकिंग डाली जाएगी जो राज्य स्तर से जारी होती है। अधिकारी प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग नहीं रखें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस अधिकारी अपनी विभागीय शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आपके विभाग की शिकायतों का निराकरण थोड़ी सूझबूझ के साथ आसानी से हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें इस प्रकार की ही होती हैं जिनके निराकरण में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी तथा डिस्टिक कमांडेंट होमगार्ड को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने दी सीएमएचओ को सलाह और निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आपके विभाग की शिकायतों का निराकरण थोड़ी सूझबूझ के साथ आसानी से हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें इस प्रकार की ही होती हैं जिनके निराकरण में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है।

8/6/21

# दो बत्ती चौराहे पर बनेगी नई रोटरी, संकेतक भी लगेंगे

रतलाम। दो बत्ती चौराहे से सज्जनसिंह प्रतिमा तक फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण सोमवार को कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम ने एसपी गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ किया। कलेक्टर व एसपी ने निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन कर संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्रता के साथ गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करें। साथ ही एक ओर निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ करें। इससे आवागमन बाधित नहीं होगा।



सिटी फोरलेन निर्माण का जायजा लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम।

कलेक्टर ने निगम आयुक्त को चौराहों की रोटरी निर्माण तथा ट्रैफिक सिग्नल का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि चौराहों पर यातायात को सुगम बनाया जा सके।

# मेडिकल कॉलेज से 6 पेशेंट डिस्चार्ज हुए

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से सोमवार को 6 पेशेंट डिस्चार्ज हुए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 10 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 23 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 24 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 24 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 3 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 74 पेशेंट भर्ती है जिनमें से 38 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 476 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5911, करंट स्टाक 112 रहा।

# प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। इसके अनुसार जिले की समस्त मंडियों में सभी प्रकार की उपज की खरीदी बिक्री करने की अनुमति रहेगी। इस हेतु पृथक से आदेश जारी किया जाएगा। जिले में सभी प्रकार के निजी निर्माण कार्य के अनुमति रहेगी। कार्यस्थल पर कार्यरत श्रमिकों को मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, साथ ही हाथ धोने की समुचित व्यवस्था की जाना अनिवार्य होगा। शेष आदेश यथावत रहेगा।

**अच्छी खबर** • 30 दिन पहले 66 गांवों में थे 5 से ज्यादा केस, अब एक्टिव केस भी 400 से कम, रोज 15 के आसपास ही आ रहे केस

# जिले में एक भी गांव रेड जोन में नहीं, सिर्फ रतलाम ही ऐसा जहां 5 से ज्यादा मरीज, सख्ती जारी रहेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब कोरोना संक्रमण कम होने लगा है। हमारे जिले में अब ऐसा एक भी गांव नहीं है जहां 5 से ज्यादा एक्टिव केस हों। धराड़ रेड जोन में शामिल था लेकिन सोमवार को वह भी बाहर हो गया है।

दूसरी लहर ग्रामीण क्षेत्रों पर भारी पड़ी। 30 दिन पहले तक 66 गांवों में 5 से ज्यादा एक्टिव केस हो गए थे। इन गांवों में 1232 संक्रमित थे। सबसे ज्यादा बिलपांक में 236 तो वहीं, शिवगढ़ में 148 मामले सामने आ गए थे वहां संक्रमण बेकाबू था। सरवन में 48 तो रावटी में 24 पॉजिटिव थे। ये सभी गांव रेड जोन में शामिल हो चुके थे। हालांकि अब राहत यह है कि जिले में एक भी गांव रेड जोन में नहीं है। गांवों को सील करने का यह अच्छा परिणाम सामने आया है।

### अभी भी गांवों के 138 केस, राहत - ये निगरानी में है

गांवों में संक्रमण का आंकड़ा अभी भी शून्य नहीं हुआ है। जिले के सभी ब्लॉक के गांवों में 138 एक्टिव केस है। अच्छी बात यह है कि ये सभी केस निगरानी में है, नए प्रकरण वो ही सामने आ रहे हैं जिनका कान्टेक्ट ट्रेसिंग से सैंपल लिया जा रहा है। जिले में अभी कुल 400 से कम एक्टिव केस हैं।

### हमारे जिले में गांवों की अब ऐसी है स्थिति

| जनपद | गांव | एक्टिव केस वाले गांव |
|---|---|---|
| आलोट | 90 | 10 |
| बाजना | 65 | 12 |
| जावरा | 68 | 9 |
| पिपलौदा | 52 | 11 |
| रतलाम | 96 | 37 |
| सैलाना | 47 | 10 |

### एक भी गांव रेड जोन में नहीं पर 5 से ज्यादा केस पर सख्ती होगी

*जिले में संक्रमण कम हो रहा है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। रतलाम में अब एक भी गांव रेड जोन में नहीं हैं। हालांकि जहां भी 5 से ज्यादा केस होंगे, वहां सख्ती जारी रहेगी।* डॉ. प्रमोद प्रजापति, कोविड टीम

### मेडिकल कॉलेज में भी राहत, सिर्फ 74 मरीज भर्ती

- संक्रमण कम होने का सीधा असर मेडिकल कॉलेज में दिख रहा है। सोमवार को कॉलेज में सिर्फ 74 मरीज ही भर्ती थे।
- कॉलेज से 6 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया तो वहीं 10 मरीज भर्ती हुए।
- आईसीयू में 56 में से 23 बेड पर मरीजों को भर्ती किया गया है, एचडीयू में 172 में से 24 बेड पर मरीजों का इलाज हो रहा है।
- ऑक्सीजन बेड 180 हैं, इनमें से 24 पर मरीज भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड पर सिर्फ 3 मरीज ही भर्ती हैं।
- सोमवार को कॉलेज में कुल 74 मरीज भर्ती थे, इनमें से 38 कोरोना पॉजिटिव थे। 476 बेड खाली हैं।

### 13 नए पॉजिटिव, इसमें रतलाम शहर के सिर्फ 4

हमारा जिले में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार कम होते जा रहे हैं। सोमवार को सिर्फ 13 पॉजिटिव ही सामने आए हैं। इनमें 18 साल के युवा से लेकर 61 साल के बुजुर्ग भी शामिल है। सोमवार को मिली रिपोर्ट में रतलाम शहर के सिर्फ चार पॉजिटिव ही हैं। शहर में कस्तूरबा नगर, टीआईटी रोड, बैंक कॉलोनी, बागड़ा का वास में संक्रमित सामने आए हैं। जिले में अब कुल संक्रमित 17407 हो गए हैं। एक्टिव केस 344 हैं।

दैनिक भास्कर 8/6/21


**मनमानी पर नकेल** • निगमायुक्त ने वर्कशॉप और दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा का निरीक्षण किया

# कर्मचारी गायब नहीं हों इसलिए वार्डों में लगेंगे फ्लेक्स ताकि मोबाइल नंबर लगा सकें रहवासी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मनमानी करते हुए लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित मिलने वाले सफाई कर्मचारियों पर नकेल कसने के लिए सोमवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नई व्यवस्था बनाई है। इसके मुताबिक अब हर वार्ड में सफाई कार्य के लिए तैनात प्रत्येक कर्मचारी, वार्ड व जोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी का नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर, हाजरी स्थल लिखा फ्लेक्स लगाया जाएगा।

ये फ्लेक्स मंगलवार तक लग जाएंगे। इससे रहवासियों को कर्मचारियों के बारे में जानकारी मिल जाएगी। इसके पहले आयुक्त झारिया ने निगम के वर्कशॉप और दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक बन रही फोरलेन सड़क निर्माण का जायजा लिया। वहीं वार्ड 46 हाट रोड की सफाई व्यवस्था देखने के दौरान वार्ड प्रभारी शैलेंद्र मेहना ड्यूटी पर नहीं मिले। आयुक्त ने मेहना को सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा आयुक्त ने दो बत्ती, मोमिनपुरा सहित अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह साथ रहे।



महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पर फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण करते आयुक्त।

दैनिक भास्कर 8/6/21

# मध्य प्रदेश में जनता नहीं अब पार्षद चुनेंगे महापौर व निगम अध्यक्ष

भोपाल । शिवराज सरकार ने महापौर, अध्यक्षों के पद का चुनाव सीधे जनता से कराने की बजाय पार्षदों से कराने का निर्णय लिया है।

यह जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मप्र में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में महापौर का चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर चुने हुए पार्षदों द्वारा होगा। इस आशय का निर्णय पिछले विधानसभा सत्र के दौरान ही शासन द्वारा लिया जा चुका है।

अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होंगे। हालांकि पार्षद जनता के बीच से चुना जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ साल से एमपी में नगरीय निकाय चुनाव अटके हैं। मौजूदा कोरोना काल को देखते हुए सम्भावना अभी कम है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री सिंह का कहना है कि कोरोना नियंत्रण पहले है, उसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार ने किसी भी निकाय में आबादी के अनुपात के



हिसाब से पद आरक्षित किए थे। अभी तक सरकार ने यह तय नहीं किया है कि हाइकोर्ट का निर्णय ही स्वीकार किया जाएगा या उस निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। इस संबंध में राज्य सरकार शीघ्र ही फैसला करेगी।

**पहली प्राथमिकता तीसरी लहर से निपटना**–उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता कोरोना की तीसरी लहर से निपटना है और इसके बाद ही निकाय चुनाव के बारे में फैसला लेंगे। यहां बता दें इसी साल मार्च के महीने में हाइकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने महापौर और अध्यक्षों के आरक्षण पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद अब शिवराज सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। इसके लिए शिवराज सरकार जल्दी विशेष अनुमति याचिका दायर करेगी। 14 मार्च 2021 को सागर में पत्रकारों से चर्चा में नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया था कि इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी है। अब हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ के फैसले को शिवराज सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। विशेष अनुमति याचिका दायर करेगी। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ सरकार ने जनता की बजाय पार्षद के जरिए चुनाव कराना तय किया था।

स्वदेश 8/6/21

# फोरलेन सड़क निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जाए-आयुक्त

## कर्मचारियों के नाम, मोबाइल नम्बर के हर वार्ड में लगेंगे फ्लेक्स

रतलाम ● स्वदेश समाचार

दो बत्ती से महाराजा स्टेच्यू तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को दिए ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य में तीव्रता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।



निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सर्वप्रथम नगर निगम कार्यालय के वर्कशॉप का अवलोकन कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवर व हेल्परों की उपस्थिति चेक कर-बिना सूचना के गैर हाजिर कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि नगर के 100 प्रतिशत घरों से गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहण किए जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहन समय पर वार्डों हेतु प्रस्थान करें। इस कार्य में जो अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही बरतेगा उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात निगम आयुक्त ने सज्जन मिल रोड क्षेत्र में किए जा रहे सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाइल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग 8 जून तक अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है। आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 46 हाट रोड की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र मेहना द्वारा उपस्थित नहीं होने व देरी से आने, वार्ड में सफाई नहीं पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए।

### कचरा पाए जाने पर कार्रवाई होगी

दो बत्ती, मौमिनपुरा सहित अन्य क्षेत्रों की सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी दोनों शिफ्टों में सौंपे गए सफाई कार्य को पूरी ईमानदारी से पूर्ण करें। शहर में कहीं भी कचरा पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्त व निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश 8/6/21

11

# अधिकारी अपने विभाग की रैंकिंग नीचे नहीं जाने दे



रतलाम। अधिकारी अपने विभाग की रेटिंग का ध्यान रखें। राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली जिलों की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक विभाग की रैंकिंग डाली जाएगी जो राज्य स्तर से जारी होती है। अधिकारी प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग नहीं रखें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में

**कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस अधिकारी अपनी विभागीय शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आपके विभाग की शिकायतों का निराकरण थोड़ी सूझबूझ के साथ आसानी से हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें इस प्रकार की ही होती है जिनके निराकरण में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी तथा डिस्टिक कमांडेंट होमगार्ड को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

**प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन-** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। इसके अनुसार जिले की समस्त मंडियों में सभी प्रकार की उपज की खरीदी बिक्री करने की अनुमति रहेगी। इस हेतु पृथक से आदेश जारी किया जाएगा। जिले में सभी प्रकार के निजी निर्माण कार्य के अनुमति रहेगी। कार्यस्थल पर कार्यरत श्रमिकों को मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, साथ ही हाथ धोने की समुचित व्यवस्था की जाना अनिवार्य होगा। शेष आदेश यथावत रहेगा।

प्रसारण 8/6/21

# राज्य से जारी होने वाली अधिकारियों की रैंकिंग अब ग्रुप में होगी जारी

रतलाम. अधिकारी अपने विभाग की रेटिंग का ध्यान रखें। राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली जिलों की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक विभाग की रैंकिंग डाली जाएगी जो राज्य स्तर से जारी होती है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में निर्देशित किया अधिकारी विभागीय शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण थोड़ी सूझबूझ के साथ आसानी से हो सकता है। शिकायतें इस प्रकार की ही होती हैं जिनके निराकरण में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई।

# अधिकारी अपने विभाग की रैंकिंग नीचे नहीं जाने दें

रतलाम। राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली जिलों की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए। यह सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समीक्षा बैठक में दिए। कहा कि प्रकरणों को पेंडिंग नहीं रखें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्रत्येक दिवस अधिकारी अपनी विभागीय शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों का थोड़ी सी सूझबूझ से निराकरण किया जा सकता है। पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों के प्रति कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी तथा जिला कमांडेंट होमगार्ड को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।


# अधिकारी विभाग की रैंकिंग को नीचे न जाने दें, आरटीओ और होमगार्ड कमांडेंट को नोटिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विभाग की रेटिंग का अधिकारी ध्यान रखें। ऐसे काम करें कि सरकार की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए। कलेक्टर ने कहा अब अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक विभाग की रैंकिंग डाली जाएगी। इसलिए प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग नहीं रखें। हर दिन अधिकारी शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें।

**समयावधि पत्र की समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी थोड़ी सूझबूझ के साथ काम करके आसानी से शिकायतों का निराकरण कर सकते हैं। कलेक्टर पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों से अधिकारियों पर नाराज भी हुए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी तथा डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड को नोटिस जारी किया गया है।




# प्रदेश में स्थापित होंगे 101 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट्स-मुख्यमंत्री श्री चौहान

## सभी संभागीय मुख्यालयों पर पर्याप्त ऑक्सीजन भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश को ऑक्सीजन उत्पादन में पूर्णतः आत्म-निर्भर बनाना है। प्रदेश में ऑक्सीजन उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने के साथ सभी संभागीय मुख्यालयों में पर्याप्त भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति का सामना प्रभावी तरीके से किया जा सके। प्रदेश में स्थापित होने वाले सभी 101 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट्स में समय-सीमा में उत्पादन आरंभ किया जाए। प्रयास यह हो कि अधिकतम इकाइयाँ 30 अगस्त तक क्रियान्वित हो जाएँ। प्रदेश में 800 मीट्रिक टन ऑक्सीजन भण्डारण की क्षमता विकसित की जाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे प्रति सप्ताह इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निवास से प्रदेश में लगने वाले ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थिति की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए। निवास पर हुई बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा चिकित्सा शिक्षा श्री संजय शुक्ला, स्वास्थ्य आयुक्त श्री आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

**कोई महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थान नहीं छूटे**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश को ऑक्सीजन में आत्म-निर्भर बनाने के लिए शासकीय और निजी औद्योगिक इकाइयों के साथ सीएसआर तथा निजी दानदाताओं द्वारा भी पहल की ... उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बीना रिफायनरी और बाबई में स्थापित हो रहे ऑक्सीजन प्लांट्स की प्रगति की जानकारी भी ली। पीएसए प्लांट्स की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

**निरंतर बढ़ रही है उत्पादन क्षमता**-बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 120 मीट्रिक टन क्षमता की एयर सेपरेशन यूनिट पूर्व से ही कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र में बड़े अस्पतालों से 50 मीट्रिक टन से अधिक की क्षमता विकसित करने की जानकारी मिली है। नई निजी इकाइयों में 60 मीट्रिक टन से अधिक ऑक्सीजन उत्पादन की इकाइयाँ विकसित करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**30 सितम्बर तक स्थापित होंगे 101 प्लांट्स**-बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में 101 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 18 प्लांट्स की डिलेवरी हो चुकी है। सभी स्थानों पर 30 सितम्बर तक प्लांट्स स्थापित कर दिए जाएंगे। मेडिकल कॉलेजों में आठ, जिला अस्पतालों में 60, सिविल अस्पतालों में 12 और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 19 प्लांट्स लगाए जाएंगे। वारासिवनी, सैंधवा, काटजू अस्पताल, पांढुरना, कुक्षी, इटारसी, सारंगपुर, ब्यावरा, नसरुल्लागंज, लहार, मैहर और जावरा के सिविल अस्पताल लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही बुधनी, रहटी, घोड़ाडोंगरी, सुवासरा, सीतामऊ, शामगढ़,

# मुफ्त टीका, मुफ्त अनाज

## अठारह वर्ष से अधिक उम्र के हर नागरिक को मुफ्त टीका, राज्यों की जिम्मेदारी खत्म

**25%** काम वैक्सीनेशन का राज्यों से छिना

**25%** वैक्सीन प्रायवेट अस्पताल को

**75%** वैक्सीन केन्द्र सरकार लगाएगी

**21** जून से केन्द्र के संरक्षण में वैक्सीनेशन



### 150 रुपए में निजी अस्पताल में मिलेगी एक डोज

देश में बन रही वैक्सीन में से 25 प्रतिशत, प्राइवेट सेक्टर के अस्पताल सीधे ले पाएं, ये व्यवस्था जारी रहेगी.

उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल, वैक्सीन की निर्धारित कीमत के उपरांत एक डोज पर अधिकतम 150 रुपए ही सर्विस चार्ज ले सकेंगे .इसकी निगरानी करने का काम राज्य सरकारों के ही पास रहेगा .

**नयी दिल्ली 7 जून ( वार्ता ) कोरोना महामारी से निपटने के लिए देश भर में चलाये जा रहे टीकारण अभियान को लेकर उठ रहे सवालों के बीच केन्द्र सरकार ने आज एक बड़ा फैसला लेते हुए 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त टीका लगाने का ऐलान किया और राज्यों को टीका खरीदने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया.**

इसके अलावा केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष कोरोना की पहली लहर के बाद घोषित की गयी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का फायदा दूसरी लहर के बाद भी लोगों को देने के लिए इसकी अवधि दीपावली तब बढ़ाने की घोषणा की है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ये घोषणा की.

उन्होंने कहा, आज ये निर्णय लिया गया है कि राज्यों के पास वैक्सीनेशन से जुड़ा जो 25 प्रतिशत काम था, उसकी जिम्मेदारी भी भारत सरकार उठाएगी. ये व्यवस्था आने वाले 2 सप्ताह में लागू की जाएगी.

इन दो सप्ताह में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नई गाइडलाइंस के अनुसार आवश्यक तैयारी कर लेंगी. आगामी 21 जून सोमवार से देश के हर राज्य में, 18 वर्ष से ऊपर की उम्र के सभी नागरिकों के लिए, भारत सरकार राज्यों को मुफ्त वैक्सीन मुहैया कराएगी. श्री मोदी ने कहा , वैक्सीन निर्माताओं से कुल वैक्सीन उत्पादन का 75 प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार खुद ही खरीदकर राज्य सरकारों को मुफ्त देगी .

देश की किसी भी राज्य सरकार को वैक्सीन पर कुछ भी खर्च नहीं करना होगा.

अब तक देश के करोड़ों लोगों को मुफ्त वैक्सीन मिली है. अब 18 वर्ष की आयु के लोग भी इसमें जुड़ जाएंगे.

सभी देशवासियों के लिए भारत सरकार ही मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करवाएगी.

### गरीबों को दीपावली तक मिलेगा मुफ्त अनाज

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कोरोना महामारी के मद्देनजर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को दीपावली तक जारी रखने की घोषणा की .मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि अब इस योजना से 80 करोड़ देशवासियों को नवंबर तक नि:शुल्क राशन मिलेगा .महामारी के इस दौर में सरकार गरीबों के हित के लिये उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है .

**80** करोड़ लोग होंगे लाभान्वित

उन्होंने कहा कि सरकार की इस व्यवस्था से गरीबों को भूखा नही सोना पड़ेगा .सरकार ने कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए इस योजना को मई और जून माह के लिए मंजूरी दी थी .पिछले साल भी कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस योजना के तहत गरीबों को आठ माह तक मुफ्त अनाज दिया गया था . प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी के इस समय में, सरकार गरीब की हर जरूरत के साथ, साथी बनकर खड़ी है . नवंबर तक 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को हर महीने तय मात्रा में मुफ्त अनाज उपलब्ध होगा .

નવભારત 8/6/21

सुविधा

नेत्र बैंक के लिए चालीस लाख रुपये स्वीकृत, उपकरण खरीदे जाएंगे -


# मेडिकल कालेज में हो सकेंगे नेत्रदान और कार्निया ट्रांसप्लांट

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कालेज में अब नेत्रदान व कार्निया ट्रांसप्लांट भी हो सकेगा। यहां के नेत्र बैंक को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण के लिए चालीस लाख स्वीकृत हुए हैं। यह सुविधा शुरू होने से शहर व जिले में नेत्रदान को बढ़ावा मिलेगा।



सैलाना रोड पर बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज। • फाइल फोटो

कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वीकृत राशि से नेत्र बैंक के लिए उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके बाद आने वाले समय में कार्निया ट्रांसप्लांट की शुरुआत हो सकेगी। इसके शुरू होने के बाद पुतली में सफेदी वाले मरीजों को इंदौर या अन्य दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़गी। डीन ने बताया कि राशि मिलने के बाद कार्निया परीक्षण के लिए स्पेक्युलर माइक्रोस्कोप, स्लिट लैंप सहित नेत्र परीक्षण के अन्य उपकरण जो कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए आवश्यक हैं, खरीदे जाएंगे। नेत्र बैंक में आंखों की पुतली (कार्निया) का परीक्षण और संग्रहण किया जाता है। साथ जिन मरीजों के आखों की पुतली में सफेदी आ जाती है, उसका परीक्षण कर कार्निया बदला जाता है। उन्होंने ने बताया कि राशि स्वीकृत हो गई है और मिलते ही उपकरण खरीदी की प्रक्रिया के साथ अन्य दस्तावेजी कार्रवाई होगी। इसके बाद एक नई और बड़ी सुविधा चालू हो सकेगी, जो रतलाम के लिए उपलब्धि होगी। हमारा प्रयास है कि मेडिकल कालेज में वह सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं, जिसके लिए अभी यहां के लोगो को बाहर दूसरे शहरों में जाकर बड़ी राशि खर्च कर उपचार लेना पड़ता है। फंगस के उपचार की सुविधा भी बेहतर हो गई है। फंगस ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। संवाद कर सुविधा बेहतर कर रहें हैं।



बैठक को संबोधित करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

### तीन दिन में 339 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम ने प्रारंभ कर दिया है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। पांच जून को 67, छह जून को 208 और सात जून को 64 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस तरह तीन दिन में कुल 339 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाने के लिए आयुक्त झारिया व एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने नियुक्त निगम उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की बैठक लेकर कार्य में आ रही परेशानियों को दूर किया।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, निज सहायक सुभाष गोयल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा के अलावा हेमंत राठोरी सहित उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, नगर निगम कर्मचारी, वार्ड दरोगा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 8/6/21

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

# जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, 3 वर्षों में 65 नई संस्थाएं होगी शुरू

पत्रिका सिटी इवेंट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का नियोजित ढंग से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं की मंजूरी दी गई है जिनका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रारंभ किया जाएगा।

बैठक में बताया कि वर्ष 2021-22 से लेकर 2023 तक की कार्य योजना के तहत जिले में 4 नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इसी वर्ष सैलाना विकासखंड के ग्राम सरवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इसी प्रकार 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 47 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र आरंभ किए जाएंगे, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर रूप से मुहैया हो सकेगी।

## आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की

आयुष्मान कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कैंप लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड के पात्र परिवारों का डाटा बेहतर रूप से प्राप्त हो सकेगा। अनमोल पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पाया गया एएनएम के माध्यम से कराई जाने वाली डाटा एंट्री कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर कलेक्टर द्वारा साथ नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्देशित किया गया कि डाटा एंट्री में कोताही नहीं बरती जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रिका 8/6/21

**बनाया एक ही दिन में ब्रावो विश्व रिकॉर्ड**

# कोरोना से बचना तो टीका जरूरी, भेजे दो लाख वाट्सएप संदेश



**रतलाम @ पत्रिका.** शहर की एनएसएस वॉलेंटियर्स व मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मैं-कोरोना वालेंटयर्स अभियान से जुड़कर अंजू सूर्यवंशी द्वारा निरंतर कोरोना कॉल में सेवा ही संकल्प मानकर जन जन को कोरोना जागरूकता हेतु जागरुक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अंजू ने एक ही दिन में दो लाख लोगों के वाट्सएप पर कोरोना से जुड़ा सोशल संदेश भेजकर ब्रावो विश्व रिकार्ड बनाया है। अंजू ने यह कार्य अपने जन्मदिन 6 जून को किया है।

आमजन को कोरोना से बचाने के लिए जागरूकता अभियान अंतर्गत सिंगल क्लिक पर 2 लाख लोंगो को राज्य के वित्त मंत्री जगदीश जी देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक राजेन्द्र पाण्डेय, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, समाजसेवी गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय की उपस्थिति में वाट्सएप भेजे गए।

## ऑन स्पॉट प्रमाण पत्र दिया

इस प्रकार स्पेशल सॉफ्टवेयर के द्वारा एसएमएस करने का नवाचार करने के लिये ब्रावो वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसी द्वारा ऑन स्पॉट प्रमाण पत्र दिया गया। संदेश में जीतेंगे हम लोग, हारेगा कोरोना, खुद सुरक्षित रहे, दूसरों को भी सुरक्षित करें, मेरा मास्क मेरी सुरक्षा, 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी, स्वयं वैक्सीन लगाए और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें, सरकार का दे साथ हर नियम का करें पालन, पात्रों के बने आयुष्मान कार्ड, हम करे ये प्रयत्न, और एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की जानकारी भेजी गई।

पत्रिका 8/6/21

**नगर निगम आयुक्त ने लिया शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा**

# नवाचार : स्वच्छता के लिए वार्डों में लगेंगे कर्मचारी के मोबाइल नंबर के फ्लैक्स

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया एक बार फिर से मैदान में उतर गए हैं। शहर के अनलॉक होते ही आयुक्त ने सोमवार को दलबल के साथ शहर के कई वार्डों में निरीक्षण किया, इस दौरान जब उनको पता चला कि वार्ड में कर्मचारी कम समय के लिए आकर चले जाते हैं तो उन्होंने नवाचार की घोषणा करते हुए आदेश जारी कर दिए शहर के 49 वार्डों में चौराहों पर कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर के फ्लैक्स 8 जून तक लगाए जाएंगे।

शहर के प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा वर्षा के पूर्व नगर के समस्त नालों - नालियों की साफ -सफाई कार्य पूर्ण किये जाने के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के साथ लिया। इसके साथ ही दो बत्ती से यातायात थाने के करीब तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता वाला करने को ठेकेदार को कहा।

## पहले पहुंचे यहां

आयुक्त झारिया ने वर्कशॉप पहुंचकर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवर व हैल्परों की उपस्थिति चेक कर बिना सूचना के गैर हाजिर कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने को कहा। दो बत्ती से काला घोड़ा तक निर्मित की जा रही 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ठेकेदार को कहा कि 4 लेन सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जाए ताकि सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## फिर सज्जन मिल रोड

निगम आयुक्त झारिया ने सज्जन मिल रोड क्षेत्र में सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थान, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग 8 जून तक अनिवार्य रूप से लगाए जाए। वार्ड 46 हाट रोड की निरीक्षण के दौरान प्रभारी शैलेन्द्र मेहना द्वारा उपस्थित नहीं होने व देरी से आने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा।

पत्रिका 8/6/21

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने लिया शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा

# सफाई कार्य में लापरवाही बरते जाने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

**- कर्मचारियों के नाम, मोबाईल नम्बर के हर वार्ड में लगेंगे फ्लेक्स - 4 लेन सड़क निर्माण कार्य तीव्र गति से जाए**

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा वर्षा के पूर्व नगर के समस्त नालो-नालियों की साफ-सफाई कार्य पूर्ण किये जाने के तहत किये जा रहे कार्यो का जायजा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के साथ प्रातः लिया साथ ही दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम नगर निगम कार्यालय के वर्कशॉप का अवलोकन कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवर व हैल्परों की उपस्थिति चेक कर बिना सूचना के गैर हाजिर कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि नगर के 100 प्रतिशत घरों से गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहण किये जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहन समय पर वार्डो हेतु प्रस्थान करें इस कार्य में जो अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही बरतेगा उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।



दो बत्ती से काला घोड़ा तक निर्मित की जा रही 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि 4 लेन सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जाये ताकि सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकें ताकि नागरिको को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो उन्होने निर्देशित किया कि कार्य में तीव्रता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने सज्जन मिल रोड क्षेत्र में किये जा रहे सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग 8 जून तक अनिवार्य रूप से लगायें ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 46 हाट रोड की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र मेहना द्वारा उपस्थित नहीं होने व देरी से आने, वार्ड में सफाई नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये।

इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो बत्ती, मोमिनपुरा सहीत अन्य क्षेत्रों की सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी दोनो शिफ्टों में सौंपे गये सफाई कार्य को पुरी ईमानदारी से पूर्ण करें। शहर में कहीं भी कचरा पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा से बर्खास्त व निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक, व्यापारी आदि पर जुर्माने की कार्यवाही की जाये साथ ही स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने के हेतु नियुक्त कर्मचारी पुरे शहर में पशु वाहन के साथ पुरे शहर में भ्रमण कर मवेशियों को पकड़ा जाये साथ ही रात्री में भी मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जाये।

प्रसारण 8/6/21

अंकुर कार्यक्रम | मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिले के अधिकारियों को किया संबोधित

# वायुदूत एप पर पौधारोपण के फोटो अपलोड कर जीते पुरस्कार

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 'अंकुर कार्यक्रम' के शुभारंभ पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिले के अधिकारियों को संबोधित किया। अंकुर योजना जिला नोडल अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह ने बताया कि पौधारोपण करने वाले प्रतिभागियों को गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत एप डाउनलोड कर पंजीयन करना होगा। प्रतिभागियों को स्वयं के संसाधन से कम से कम एक पौधे का रोपण कर पौधे की फोटो एप के माध्यम से लेकर अपलोड करनी होगी। पौधारोपण के 30 दिन के पश्चात पुनः नवरोपित पौधे की नवीन फोटो एप पर अपलोड कर प्रतिभागी सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड करना होगा। रोपित पौधे का शासन द्वारा सत्यापन सत्यापनकर्ताओं के माध्यम से कराया जाएगा। सत्यापन उपरांत विजेताओं का चयन किया जाकर चयनित विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा 'प्राणवायु' अवार्ड से सम्मानित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को पौधारोपण हेतु स्थल व प्रजाति का चयन स्वयं करना होगा। पौधारोपण स्वयं की भूमि के अतिरिक्त अन्य किसी भूमि पर किए जाने की स्थिति में प्रतिभागी को संबंधित भूमि स्वामी से सहमति प्राप्त करना होगी।



जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह को पौधा भेंट करते हुए ईको क्लब के जिला नोडल अधिकारी अशोक लोढ़ा व जिला मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा। • नईदुनिया

पौधारोपण के लिए आवश्यक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड व पानी आदि की व्यवस्था प्रतिभागी को स्वयं के संसाधन से करना होगी।

**वायुदूत एप एवं पंजीयन की प्रक्रिया:** जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत एप डाउनलोड करें। एप डाउनलोड करने के पश्चात इच्छित भाषा हिंदी/अंग्रेजी का चयन करें। नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें। मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर वेरीफाई करें तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेरिफिकेशन उपरांत 'नया पौधारोपण' पर क्लिक करें। उपलब्ध सूची में से पौधों की प्रजाति का चयन करें। रोपित प्रजाति उपलब्ध न होने पर अदर पर क्लिक करें तथा रोपित की जाने वाली प्रजाति का नाम अंकित करें। रोपित पौधों की संख्या लिखें। रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप के माध्यम से अपलोड करें। पौधारोपण स्थल की जानकारी देने के लिए प्लांटेशन साइट इंफार्मेशन में लिखें। रोपित पौधे की फोटो पुनः देखने व 30 दिनों के पश्चात दूसरा फोटो अपलोड करने के लिए 'वृक्षारोपण प्रगति' सेकंड फोटो कैप्चर पर क्लिक करें। एप के माध्यम से द्वितीय फोटो अपलोड करने के उपरांत एप से सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड करें।

अंकुर कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए अंकुर योजना के बारे में क्लिक करें। प्रतिभागियों को एप के माध्यम से ही पौधारोपण के फोटो खींचकर अपलोड करना होंगे। मोबाइल नेटवर्क न होने की स्थिति में भी आनलाइन मोड में एप के माध्यम से फोटो अपलोड किए जा सकेंगे। मोबाइल में नेटवर्क आने पर फोटो स्वतः एप पर अपलोड हो जाएंगे।

आनलाइन अवस्था में एप पर फोटो अपलोड करने के लिए पूर्व से एप पर लॉगिन रहना आवश्यक होगा। आमजनों के साथ सामाजिक, धार्मिक व स्वैच्छिक संगठनों से भी इस योजना में सहभागिता कर पौधारोपण किए जाने का आग्रह किया गया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के अंत में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ईको क्लब के जिला नोडल अधिकारी अशोक लोढ़ा व जिला मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ मीनाक्षी सिंह को एक-एक पौधा भेंट किया। पर्यावरणविद भारत सरकार एमसीडीएच कमेटी सदस्य अशोक पाटीदार, पर्यावरण टोली प्रमुख कपिल व्यास, गायत्री परिवार के विकास सेहावत, ईको क्लब महाविद्यालय प्रभारी प्रो. दिनेश जाधव उपस्थित थे।

नईदुनिया 8/6/21

# जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा

**- आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाएं प्रारंभ होंगी - कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न**

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का नियोजित ढंग से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं की मंजूरी दी गई है जिनका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रारंभ किया जाएगा।

इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र सम्मिलित है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डॉ. अजहर अली, जिला टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजिस्ट गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति, जिले के खंड चिकित्सा अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021-22 से लेकर 2023 तक की कार्य योजना के तहत जिले में 4 नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इसी वर्ष सैलाना विकासखंड के ग्राम सरवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इसी प्रकार 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 47 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र आरंभ किए जाएंगे, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर रूप से मुहैया हो सकेंगी।

कलेक्टर द्वारा जिले में कोविड-19 टीकाकरण की भी समीक्षा की गई। बाजना, सैलाना तथा आलोट में प्रगति कमजोर पाई गई। कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को माइक्रो प्लानिंग के निर्देश दिए गए। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिस प्रकार चुनाव में कार्य किया जाता है उसी प्रकार वैक्सीनेशन के लिए कार्य किया जाए। बुधवार कर्मचारी तैनात किए जाएं।

ग्राम पंचायत के सचिव तथा पटवारी के पास सूची अपडेट रहे, उनके पास जानकारी हो कि गांव में कितने लोगों को वैक्सीन नहीं लगा है।

आयुष्मान कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कैंप लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड के पात्र परिवारों का डाटा बेहतर रूप से प्राप्त हो सकेगा। अनमोल पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पाया गया एएनएम के माध्यम से कराई जाने वाली डाटा एंट्री कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर कलेक्टर द्वारा साथ नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्देशित किया गया कि डाटा एंट्री में कोताही नहीं बरती जाए। प्रसारण

प्रसारण। 8/6/21

# 21 जून से 18+ को भी मुफ्त वैक्सीन, गरीबों को दिवाली तक फ्री राशन : मोदी

## सरकार वैक्सीन निर्माताओं से 75% वैक्सीन खरीदकर राज्यों को देगी

एजेंसी • नई दिल्ली

editor@peoplessamachar.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब राज्यों के हिस्से के वैक्सीनेशन का भी जिम्मा केंद्र सरकार उठाएगी। 21 जून से देश के हर राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए केंद्र सरकार राज्यों को मुफ्त वैक्सीन देगी। पीएम ने कहा कि देश में अब तक 23 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। मोदी ने बताया कि नेजल वैक्सीन पर रिसर्च हो रही है। इसमें नाक में स्प्रे कर वैक्सीन दी जाएगी।

### दिवाली तक जारी रहेगी पीएम गरीब कल्याण योजना



सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को दीपावली तक आगे बढ़ाया जाएगा। इस योजना के तहत नवंबर तक 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज उपलब्ध होगा। योजना के तहत केंद्र ने राशनकार्ड धारकों को मई और जून में प्रति व्यक्ति 5 किलो अतिरिक्त अन्न मुहैया कराया।

**निजी अस्पताल 25% टीके खरीद सकेंगे :** अभी देश में बन रही वैक्सीन में से 25 फीसदी प्राइवेट हॉस्पिटल सीधे खरीद सकते हैं। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। यह वैक्सीन की कीमत के ऊपर प्रति डोज अधिकतम 150 रुपए ही सर्विस चार्ज ले सकेंगे।

**अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना**

मोदी ने कहा कि भारत कोरोना की लहर के दौरान बहुत बड़ी पीड़ा से गुजरा है। कई लोगों ने अपनों को खोया है। इस तरह की महामारी आधुनिक विश्व ने कभी नहीं देखी थी। यह 100 साल की सबसे बड़ी महामारी है।

पिपुल्स समाचार 8/6/21

# पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए विशेष वैक्सीनेशन कैंप आज

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

*शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हें पंजीयन पत्र जारी किया गया है। पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं की संख्या दो हजार से अधिक है। इन सभी पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं के वैक्सीनेशन के लिए 8 जून को डीआरएम ऑफिस में विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है।*

वैक्सीनेशन कैंप में पंजीकृत सब्जी एवं फल विक्रेता को अपना पंजीयन पत्र लाना अनिवार्य होगा, जिस पर वैक्सीनेशन के बाद सील लगाई जाएगी। जिन विक्रेताओं ने पूर्व से वैक्सीनेशन करवा लिया है वे भी यहां आकर अपने पंजीयन पत्र पर वैक्सीनेशन होने की सील लगवा सकेंगे। उक्त जानकारी देते हुए एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में सभी पंजीकृत फल और सब्जी विक्रेताओं को वैक्सीनेट करने के लिए यह विशेष कैंप लगाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा वैक्सीनेशन करवाया जा चुका है, शेष व्यापारिक संगठन जैसे कपड़ा, बर्तन, ऑटो, मैजिक संगठन भी अपने सदस्यों की सूची सौंपे ताकि उनका भी प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन किया जा सके।

प्रसारण

प्रसारण 8/6/21

# पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए वैक्सीनेशन कैंप आज

रतलाम। शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हें पंजीयन पत्र जारी किया गया है। पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं की संख्या दो हजार से अधिक है। इन सभी पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं के वैक्सीनेशन के लिए 8 जून को डीआरएम ऑफिस में विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। वैक्सीनेशन कैंप में पंजीकृत सब्जी एवं फल विक्रेता को

# संक्रमण दर एक फीसद, अब टीकाकरण पर जोर

## 30 दिन पहले 36 प्रतिशत थी, कंटेनमेंट, सख्ती और कांटेक्ट ट्रेसिंग ने बदली तस्वीर



**जून माह में संक्रमण दर**

| तारीख | सैंपल | मरीज | संक्रमण दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| 01 जून | 1106 | 19 | 1.71 |
| 02 जून | 1281 | 16 | 1.24 |
| 03 जून | 1025 | 14 | 1.36 |
| 04 जून | 1100 | 12 | 1.09 |
| 05 जून | 1335 | 16 | 1.19 |
| 06 जून | 1512 | 15 | 0.79 |
| 07 जून | 1406 | 13 | 0.92 |

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नौ मई को जब पदभार संभाला तब पहली चुनौती थी मौत व संक्रमण की दर कम करना। जिले में माइक्रो लेवल पर प्लानिंग कर अमल किया। तीस दिन बाद अब संक्रमण दर एक प्रतिशत के आसपास है। अब शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के साथ ही विशेष जोर रहेगा कि प्रतिदिन नए मरीजों की संख्या 10 से कम ही रहे। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 'नईदुनिया' से चर्चा में कही।

मालूम हो कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में अप्रैल व मई माह में जिले में सर्वाधिक मरीज मिले और मौत हुई। एक माह पहले आठ मई को ही एक दिन में सर्वाधिक 398 नए मरीज मिले थे और प्रतिदिन औसतन पांच से छह मौत होने लगी थी। संक्रमण दर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। हालात बिगड़ने पर शासन ने सात मई को तत्कालीन कलेक्टर गोपालचंद्र डाड का तबादला कर दिया था।

### इस प्लानिंग से जिले में काबू में आया कोरोना

**1- ट्रैक, ट्रेस और टेस्टिंग पर ध्यान**

कलेक्टर ने बताया कि मई माह में मेडिकल कालेज में आने वाले अधिकांश मरीज गंभीर हालात में पहुंच रहे थे। ऐसे में ट्रैक, ट्रेस और टेस्टिंग की योजना बनाई गई। मरीजों की हिस्ट्री से पता लगाया कि गांवों, कस्बों में वे कहां किस झोलाछाप से इलाज लेते रहे, जिससे समय पर ठीक से उपचार नहीं हो पाया। ऐसे लोगों को चिन्हित कर वहां सख्ती कर झोलाछाप के उपचार बंद कराए गए। संक्रमण वाले क्षेत्रों में सघन सर्वे कर ज्यादा टेस्टिंग कराई गई। इससे नए मामलों में सही दवा व उपचार मिलने लगा।

**2- सीटी स्कैन कराने वालों की जानकारी ली**

कई पाजिटिव मरीजों ने टेस्टिंग नहीं कराई और सीटी स्कैन करावकर निजी अस्पतालों में उपचार लेना शुरू कर दिया था। निजी लैब से सीटी स्कैन कराने वालों का डाटा लेकर संबंधितों की मानीटरिंग की गई। संक्रमित व्यक्ति के स्वजनों को घर में ही आइसोलेट करने पर जोर देते हुए घर पर ही टेस्टिंग की व्यवस्था कराई गई। संक्रमित के स्वजन स्वयं अस्पतालों में टेस्टिंग के लिए आ रहे थे। इससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती थी।

**3- ग्रामीण क्षेत्रों में 300 बेड बढ़ाए**

मेडिकल कालेज पर दबाव कम करने व गांव में ही संक्रमित को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के लिए जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों पर 300 बेड बढ़ाए गए। किल कोरोना के सर्वे में हर घर पर दल पहुंचा और गुणवत्ता वाली दवाएं दी गईं। जिले के हर केंद्र का दौरा कर अमले को दिशा निर्देशित कर लाइन आफ एक्शन स्पष्ट की। ज्यादा संक्रमण पर 240 कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए। करीब 5000 लोगों को आइसोलेट किया गया।

07आरएटी-24 : कुमार पुरुषोत्तम

**13 नए पाजिटिव केस, 36 डिस्चार्ज**

जिले में सोमवार को 13 नए पाजिटिव केस सामने आए। 36 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। लगातार पांचवें दिन एक भी मौत नहीं हुई। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 308 है। जिले में अब तक 17407 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16755 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 पर पहुंच गया है।

**मेडिकल कालेज में 476 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से सोमवार को छह व्यक्ति स्वस्थ होकर घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 10 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 23 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 24 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 24 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से तीन पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 74 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 38 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 476 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5911, करंट स्टाक 112 है।

**सात मरीजों को मेडिसिन किट वितरित**

ई-दक्ष केंद्र से सोमवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से सात मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार सात मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके अलावा 14 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**नगरीय क्षेत्र में 263 कंटेनमेंट जोन बनाए**

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 263 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। सोमवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज सहित विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

नईदुनिया 8/6/21

30

**कलेक्टर बोले बेहतर कार्य कर रहे है**

# अब कोरोना वालेंटियर्स आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए करेंगे काम



रतलाम. कोरोना वालेंटियर कोरोना नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं। वालेंटियर्स द्वारा कोरोना संक्रमण काल के दौरान कोरोना नियंत्रण के लिए ग्राम स्तर पर वेक्सीनेशन, मास्क जागरूकता, सामाजिक दूरी, ग्राम में अनावश्यक आवाजाही को नियंत्रण आदि कार्यों में सहयोग किया गया। आप अधिक से अधिक वेक्सीनेशन और आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कार्य करें।

यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मैं कोरोना वालेंटियर अभियान अंतर्गत कोरोना नियंत्रण में समाज का योगदान तथा भविष्य की रणनीति के संबंध में कोरोना वालंटियर्स की जिला स्तरीय वर्चुअल बैठक सोमवार को कही। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर के द्वारा की गई, इसमें जिले के कोरोना वालेंटियर व परिषद के विकासखण्ड समन्वयक ऑनलाइन शामिल हुए। इसमें एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े, म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका 8/6/21

---

नवभारत

## कोरोना वालंटियर्स आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये कार्य करें

रतलाम। मैं कोरोना वालेंटियर अभियान अंतर्गत कोरोना नियंत्रण में समाज का योगदान तथा भविष्य की रणनीति के संबंध में कोरोना वालंटियर्स की जिला स्तरीय वर्चुअल बैठक कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले के कोरोना वालेंटियर व परिषद के विकासखण्ड समन्वयक ऑनलाइन शामिल हुए। कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि कोरोना वालेंटियर कोरोना नियंत्रण के लिये बेहतर कार्य कर रहे हैं। सभी वालेंटियर्स द्वारा कोरोना संक्रमण कॉल के दौरान कोरोना नियंत्रण के लिये ग्राम स्तर पर वेक्सीनेशन, मास्क जागरूकता, सामाजिक दूरी, ग्राम में अनावश्यक आवाजाही को नियंत्रण आदि कार्यों में सहयोग किया गया। आप अधिक से अधिक वेक्सीनेशन और आयुष्मान कार्ड के लिये पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये कार्य करें। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिडे, मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

नवभारत 8/6/21

बाजार में व्यापारियों की इस हरकत से बढ़ने लगी भीड़, 2 दिन के बंद के बाद तीसरे दिन खुला बाजार

**राइट-लेफ्ट नियम का नहीं हो रहा पालन**

# आधी शटर उठाकर किया पूरा व्यापार

## सैलाना में एक दिन में बदली लेफ्ट-राइट व्यवस्था, छह घंटे खुलेगा बाजार, व्यापारियों के विरोध के बाद हुई बैठक में बनी सहमति

पत्रिका अनलॉक 2.0

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. प्रशासन द्वारा अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान शहर में शुरू की गई राइट और लेफ्ट की प्रक्रिया का यहीं के व्यापारी उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। दो दिन के बंद के बाद तीसरे दिन सोमवार को जब बाजार खुला तो यहां पर लोगों की भीड़ नजर आई। वहीं दूसरी ओर बाजार में एक तरफ की दुकानें तो पूरी खुली थी और दूसरी तरफ के कुछ व्यापारियों द्वारा आधा शटर खोलकर व्यापार किया जा रहा था।

नियमों को तोड़ने वाले इन लोगों के खिलाफ पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के अमले द्वारा कार्रवाई करके दुकानें सील भी की गई है और जुर्माना भी किया गया। उसके बाद भी लोग हैं कि नियमों का पालन करने से कतरा रहे हैं। यदि हालात ऐसे ही रहे तो संक्रमण की रफ्तार फिर से बढ़ सकती है और फिर से हम अनलॉक से लॉक की ओर बढ़ सकते हैं जिससे हमें बचना है। यदि फिर से सब कुछ लॉक हो गया तो परेशानी और बढ़ जाएगी।

### खतरा टला नहीं है

रतलाम में कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही कम हुई है लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। प्रदेश में अब भी हम तीसरे पायदान पर हैं। रतलाम में संक्रमण की दर लगभग पौने 2 प्रतिशत है जो कि अन्य जिलों की तुलना में काफी अधिक है। इसे कम करने के प्रयास लगातार जारी है लेकिन जब तक हम स्वयं अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तब तक हालात पूरी तरह से बदल पाना संभव नहीं है। यदि हम ऐसे ही नियमों को तोड़कर बाजार में भीड़ लगाते रहे तो प्रकरण बढ़ने पर हम फिर से लॉक हो जाएंगे।



**मंडी अनलॉक की तैयारी-** अब जिले भर की मंडियों को भी खोलने का निर्णय लिया है। मंडिया खोली जाने पर व्यवस्था किस तरह की रहेगी, उस पर अभी मंथन चल रहा है लेकिन जल्द ही सभी मंडिया पूरी तरह से सभी उपज के लिए खुल जाएगी जिससे किसानों को भी राहत मिलेगी। फिलहाल अनलॉक की प्रक्रिया के दूसरे दौर में इस सप्ताह में निजी निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को भी काम के लिए छूट दी गई है लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, मुंह पर मास्क लगाना, हाथों को सैनिटाइज करना या हाथ धोने की हिदायत भी दी गई है।

पत्रिका 8-6-21

### देश के नाम संबोधन में पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

# सरकार अब सभी को फ्री वैक्सीन लगाएगी

## 80 करोड़ गरीबों को दीवाली तक मिलेगा मुफ्त अनाज



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि सभी नागरिकों को भारत सरकार मुफ्त वैक्सीन लगाएगी। 21 जून से इसकी शुरुआत होगी। इसके लिए राज्यों को फ्री वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। सोमवार को देश को संबोधित करते हुए पीएम ने यह घोषणा की। कोरोना की दूसरी लहर के बीच पीएम ने यह संबोधन किया। पीएम ने कहा कि भारत कोरोना की लहर के दौरान बहुत बड़ी पीड़ा से गुजरा है। कई लोगों ने अपनों को खोया है। ऐसे परिवारों के प्रति उन्होंने संवेदना जताई। पीएम ने बीते 100 सालों में इसे सबसे बड़ी महामारी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की महामारी आधुनिक विश्व ने कभी नहीं देखी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड से लड़ने के लिए पिछले सवा साल में देश में नया हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया। दूसरी लहर में मेडिकल ऑक्सीजन की मांग बढ़ गई थी। इसे पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर काम हुआ। ऑक्सीजन सप्लाई को पूरा करने के लिए सरकार के सभी तंत्र काम में लग गए। उन्होंने बताया कि नेजल वैक्सीन पर भी रिसर्च हो रही है। इसके चलते वैक्सीन को सिरिंज से न लेकर नाक में स्प्रे किया जाएगा। अगर टेस्ट में कामयाबी मिली तो वैक्सीनेशन की मुहिम में और तेजी आएगी। मोदी ने बंद शब्दों में कांग्रेस की पिछली सरकारों पर भी हमला किया। पीएम बोले कि कोरोना से लड़ाई में वैक्सीन हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह है। आज अगर हमारे पास वैक्सीन नहीं होती तो भारत जैसे विशाल देश की क्या स्थिति होती। कई दशक पहले भारत को विदेश से वैक्सीन लेने के लिए दशकों लग जाते थे। भारत ने आज एक साल के अंदर मेड इन इंडिया वैक्सीन लॉन्च कर दी। पीएम ने कहा कि देश में अब तक 23 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। आने वाले दिनों में कोरोना वैक्सीन की सप्लाई बढ़ने वाली है। देश में 7 विभिन्न कंपनियां वैक्सीन का उत्पादन कर रही हैं। अन्य 3 वैक्सीन का ट्रायल भी चल रहा है। बच्चों के लिए भी दो वैक्सीन का ट्रायल जारी है। पीएम ने कहा कि सरकार ने फैसला लिया है कि राज्यों के पास वैक्सीनेशन से जुड़ा जो 25 फीसदी काम था, उसकी जिम्मेदारी भी भारत सरकार उठाएगी। ये व्यवस्था आने वाले 2 सप्ताह में लागू की जाएगी। इन 2 सप्ताह में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नई गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक तैयारी कर लेंगी। 21 जून से देश के हर राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए भारत सरकार राज्यों को मुफ्त वैक्सीन मुहैया कराएगी। पीएम ने बताया कि सरकार ने फैसला लिया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अब दीपावली तक आगे बढ़ाया जाएगा। इस स्कीम के तहत नवंबर तक 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को हर महीने तय मात्रा में मुफ्त अनाज उपलब्ध होगा। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने राशनकार्ड धारकों को मई और जून महीने में प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त में उपलब्ध कराया है।

प्रसारण 8/6/21

(8)

# रतलाम के बोहरा बाखल में 294 ने लगवाई वैक्सीन, अब फल व सब्जी विक्रेताओं के लिए विशेष कैंप आज



बोहरा बाखल में सोमवार को 45+ के साथ 18+ वाले को बिना रजिस्ट्रेशन के वैक्सीन लगाई। बुरहानी गार्ड और समाजजनों ने व्यवस्था संभाली।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीनेशन को लेकर अब लोगों का उत्साह दिख रहा है। सोमवार को जिले में कुल 90 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण हुआ है। वहीं, प्रशासन की वन प्लस वन स्कीम को लोगों ने पसंद किया। बोहरा बाखल में 294 लोगों ने टीके लगवाए तो वहीं रांगोली परिसर में 336 लोगों को टीके लगे।

सोमवार को रतलाम शहर में 8 केंद्रों पर 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ, इनमें गुरुनानक सिंधु भवन, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, रोटरी हॉल व अग्रवाल विद्या मंदिर शामिल है। वहीं 6 केंद्रों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण किया गया है। सोमवार को जिले में कुल 8230 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। खास बात यह है कि इनमें से 45 से ज्यादा उम्र के 1233 लोगों ने पहला टीका लगवाया है। जिले में अब तक कुल 1,87,972 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लग चुका है। वहीं, कुल 2,23,505 लोगों को दोनों टीके लग चुके हैं।

## पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं को आज लगेंगे टीके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हें पंजीयन पत्र जारी किया गया है। पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं की संख्या दो हजार से अधिक है। इन सभी पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं के वैक्सीनेशन के लिए 8 जून को डीआरएम ऑफिस में विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। वैक्सीनेशन कैंप में पंजीकृत सब्जी एवं फल विक्रेता को अपना पंजीयन पत्र लाना अनिवार्य होगा, जिस पर वैक्सीनेशन के बाद सील लगाई जाएगी। जिन विक्रेताओं ने पूर्व से वैक्सीनेशन करवा लिया है, वे भी यहां आकर अपने पंजीयन पत्र पर वैक्सीनेशन होने की सील लगवा सकेंगे। उक्त जानकारी देते हुए एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में सभी पंजीकृत फल और सब्जी विक्रेताओं को वैक्सीनेट करने के लिए यह विशेष कैंप लगाया जा रहा है।

## जिन्होंने पंजीयन पत्र लिए हैं, उन्हें ही लगेगी वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में फल व सब्जी विक्रेताओं को भी वैक्सीन लगाई जाएगी। उन विक्रेताओं को ही वैक्सीन लगेगी जिन्हें पंजीयन पत्र जारी किया गया है। ऐसे पंजीकृत फल एवं सब्जी विक्रेताओं की संख्या 2 हजार से ज्यादा है। इनके लिए 8 जून को डीआरएम ऑफिस में विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जाएगा।



वैक्सीनेशन कैंप में पंजीकृत सब्जी व फल विक्रेता को अपना पंजीयन पत्र लाना जरूरी होगा। पंजीयन पत्र पर वैक्सीन लगवाने के बाद सील लगाई जाएगी। जिन्होंने पहले वैक्सीन लगवा ली है, वे भी यहां आकर अपने पंजीयन पत्र पर वैक्सीनेशन होने की सील लगवा सकेंगे। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया बचे हुए व्यापारिक संगठन कपड़ा, बर्तन, ऑटो, मैजिक संगठन भी अपने सदस्यों की सूची दें ताकि वैक्सीनेशन हो सके।

दैनिक भास्कर
8/6/21

### कोरोना संक्रमण के घटते आंकड़ों से लोगों ने राहत की सांस ली

# 50 प्रतिशत दुकानें खुलने के बाद भी स्थिति चिंताजनक

## सड़कों पर उमड़ती भीड़ कैसे करेंगे कोरोना पर नियंत्रण

**रतलाम ● शरद जोशी**

आपदा प्रबंधन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के बाद एक जून से तालाबंदी में आंशिक छूट देकर 50 प्रतिशत दुकानें खोलने के आदेश दिए गए है। इस आशय से कि कोरोना गाइड लाइन का लोग पालन करेंगे, बाजारों में भीड़ न होगी, सामाजिक दूरी का पालन होगा, लेकिन ऐसा कोई नजारा बाजार में देखने को नहीं मिल रहा है। भले ही दुकानों पर भीड़ न हो, लेकिन कोरोना कर्फ्यू का सन्नाटा सड़कों से जरूर दूर हुआ है। सवेरे से ही शाम 5 बजे तक सड़कों पर भीड़ देखकर लगता नहीं है कि प्रशासन ने केवल एक ओर की दुकान ही खोलने की अनुमति दी है। भीड़ को देखते हुए यही लगता है कि पूरा बाजार खुला है।

यदि यही स्थिति बनी रही तो प्रशासन को सोचना पड़ेगा कि तालाबंदी में पूर्ण छूट दी जाए अथवा नहीं। दुकानदारों द्वारा तो तालाबंदी का पूरा पालन कर दुकानों पर भीड़ न हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन की टीमें और पुलिस जवान लगातार दुकानों पर निगरानी कर रहे है कि कहीं उन्हें मौका मिले और वह चालान बनाए। एक तो पहले ही बाजार चौपट है, धंधा कही नजर नहीं आता, ऐसे में पुलिस और प्रशासन की चालानी कार्रवाई से व्यापारी जगत भयभीत है। 50 से अधिक प्रमुख व्यापारियों ने आज बयान जारी कर शासन का तालाबंदी की ओर ध्यान आकर्षित किया है और व्यापार में राहत देने की मांग की है। व्यापारियों की मांग भी जायज है, क्योंकि दो माह लगभग होने आए है, व्यापार-व्यवसाय बंद है और बेरोजगारी का आलम बड़ा है। दुकानों पर काम करने वाले लोगों को भी वेतन दुकानदारों को देना पड़ रहा है, भले वह दुकान पर न आए। यहीं स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी है, क्योंकि व्यापार व्यवसाय बाजार बंद होंगे तो सब ओर की स्थिति चोपट ही चोपट है। प्रशासन को चाहिए कि व्यापारी समुदाय तथा सामाजिक संस्थाओं से मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप चर्चा कर जनहित में कोई निर्णय ले, जो सर्वमान्य हो, अभी आपदा प्रबंधन समिति में लिए गए निर्णयों से लोग खुश नहीं है। निर्णय की जानकारी भी लोगों को देर शाम तक मिलती है, इससे कई लोगों को दूसरे दिन तक पता नहीं लग पाता। बैठकें जल्दी हो ताकि लोगों को प्रचार माध्यमों से निर्णय की सूचना जल्दी मिल सके।





### कोरोना संक्रमण का आंकड़ा 2 अंकों में सिमटा

मई माह में कोरोना संक्रमण का प्रभाव तेजी से बड़ा था यह आंकड़ा 399 तक पहुंच गया था, वहीं मई के अंतिम सप्ताह से संक्रमण दर में कमी होती गई और निरंतर संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी आई है, जिसके कारण जहां नागरिकों ने राहत ली है वही प्रशासन भी संतोष की सांस ले रहा है। हालांकि कोरोना आंकड़ों की कमी के कारण तालाबंदी में आंशिक छूट दी गई है और संभावना है कि 15 जून तक अधिक रियायत नहीं दी जाएगी।

### मंडियों में भी दी गई छूट

व्यापारी जगत को उम्मीद है कि यदि कोरोना समीक्षा बैठक में संतोषजनक स्थिति पाई गई तो उसके पूर्व भी दुकानों की छूट के लिए आदेश जारी हो सकते है, फिलहाल एक दिन लेफ्ट, एक दिन राईट सिस्टम के अनुसार दुकानों को खोलने की छूट दी गई है तथा 7 जून से भवन निर्माण की अनुमति भी दे दी गई है तथा जिले की समस्त मंडियों में सभी की उपज की खरीदी-बिक्री करने की अनुमति भी 7 जून को जारी कर दी गई है।

### व्यापारी-व्यवसायियों की कोरोना सैम्पलिंग ली गई

अनलॉक के तहत राईट-लेफ्ट पद्धति से 50 प्रतिशत बाजार खुलने लगा है। प्रशासन से कोरोना संक्रमण को रोकने तथा नागरिकों व व्यापारियों की सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारी-व्यवसायियों की कोरोना सैम्पलिंग लेना प्रारंभ की है। प्रारंभ में कसारा मांगलिक भवन, बजाज खाना, न्यू क्लाथ मार्केट बिल्डिंग सहित अन्य स्थानों पर सैम्पलिंग किया गया।

### भीड़ को देखते हुए 50 प्रतिशत दुकानें खोलने का कोई मायना नहीं

सड़कों पर उमड़ती भीड़ को कैसे रोका जाए यह भी एक समस्या है। लोग अनावश्यक कार्य से न निकले यह भी जरूरी है। यदि इसी प्रकार भीड़ उमड़ती रही तो कोरोना नियंत्रित कैसे होगा यह चिंता का विषय सभी के लिए है, इससे तो अच्छा है कि यदि यही स्थिति रहती है तो प्रशासन को चाहिए कि वह भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्व की तरह पूरा बाजार शाम 5 बजे तक खोल दे ताकि भीड़ भी कम हो और व्यापारियों का आक्रोश भी कम हो। 50 प्रतिशत दुकानें खुलने के बाद भी जब यह स्थिति है और शत-प्रतिशत दुकानें खुलने के बाद भी यदि यही स्थिति रहती है तो फिर 50 प्रतिशत दुकानें बंद रखने का कोई मायना नहीं। यदि सब दुकानें खुली रहेंगी तो भीड़ भी एक[illegible] [illegible]नी होगी।

### अभी तक 308 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत

कोरोना संक्रमित मरीजों के आंकड़ों पर निगाह डाले तो 31 मई को 24, 1 जून को 19, 2 जून को 16, 3 जून को 14, 4 जून को 12, 5 जून को 16 तथा 6 जून को 15 पॉजिटिव मरीज पाए गए। इस दौरान मृतकों की संख्या एक या दो रही है। अभी तक 308 मरीजों की मौत कोरोना से हो चुकी है, 17 हजार 3[illegible] प्रकरण पॉजिटिव आए है, विभिन्न कोविड सेंटरो से अभी तक 16719 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके है और 1 लाख 74 हजार 460 संदिग्ध केसों की जांच की जा चुकी है।

### 764 मरीजों की सेम्पल रिपोर्ट आना शेष

रविवार के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार 764 मरीजों की सैम्पल रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज से आना शेष है। भर्ती एक्टिव मरीजों की संख्या 307 रह गई है। एक्टिव कंटेनमेंट एरिये की संख्या 2690 है।

### अब घर पर आइसोलेट नहीं होंगे संक्रमित मरीज

कलेक्टर के निर्देशानुसार अब मिलने वाले पेशेंट होम आइसोलेट नहीं किए जाएंगे, बल्कि कोविड केयर सेंटर या अस्पताल में अनिवार्य रूप से भर्ती किए जाएंगे, क्योंकि अब मेडिकल कॉलेज सहित अन्य कोविड अस्पताल मरीजों के अभाव में खाली पड़े है। संक्रमण कम हुआ है परन्तु कॉलोनियों में अभी भी ज्यादा केस आ रहे है। वैक्सीनेशन के संबंध में उन्होंने कहा कि 45+ के तहत शहर में 60 प्रतिशत व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अब अभियान के रूप में 45+ वर्ग के शत-प्रतिशत व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**राष्ट्र के नाम संबोधन:** पीएम का ऐलान, राज्यों के लिए होगी खरीद

# टीका 'केंद्र': मोदी सरकार विश्व योग दिवस से 18+ को भी देगी फ्री वैक्सीन

## प्राइवेट अस्पताल वसूल सकेंगे 150 रुपए सर्विस चार्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. कोरोना के खिलाफ जंग में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में ऐलान किया कि अब 18 प्लस का टीकाकरण केंद्र सरकार की ओर से होगा। केंद्र सरकार 18 प्लस आयुवर्ग के टीकों की खरीद राज्यों के लिए करेगी। विश्व योग दिवस (21 जून) के बाद से केंद्र सरकार राज्यों को टीका मुहैया कराएगी। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में वैक्सीन मुफ्त लगाई जाएगी।

***80 करोड़ लोगों को दिवाली तक मुफ्त अनाज...*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया कि गरीब कल्याण अन्न योजना को अब दीपावली तक बढ़ाया गया है।


शेष@पेज 11



### जीत हासिल करते हैं

विजेता आपदा आने पर परेशान होकर हार नहीं मानते हैं, परिश्रम करते हैं और उसपर जीत हासिल करते हैं। **–पीएम नरेंद्र मोदी** ने संबोधन में कहा

## सरकारी अस्पतालों में मुफ्त



### यों बदला वैक्सीन खरीद फॉर्मूला

- अब केंद्र सरकार राज्यों को दिए गए ***वैक्सीन कोटे का 25 फीसदी*** भी खुद खरीदेगी और राज्यों को मुहैया कराएगी।
- पूर्व में केंद्र सरकार ने ***वैक्सीन खरीद फॉर्मूला 50% केंद्र***, 25% राज्य और 25% प्राइवेट अस्पताल रखा था।
- प्राइवेट अस्पतालों में अब ***टीकों की एमआरपी पर 150 रुपए*** की सर्विस चार्ज वसूली। राज्य सरकारें निगरानी करेंगी।

### यों किया फैसले का बचाव

- मोदी ने कहा कि पूर्व में राज्य सरकारों ने ***वैक्सीन का काम विकेंद्रीकृत*** करने की पुरजोर मांग उठाई थी।
- स्वास्थ्य वैसे भी राज्यों का विषय है इसलिए ***25 फीसदी टीका खरीद*** का काम राज्यों को सौंप दिया गया।
- कुछ राज्यों की ओर से सवाल उठ रहे थे कि ***आयु वर्ग क्यों बनाए गए***, केंद्र ने आयुवर्ग क्यों तय किए?

### इसलिए बदला फैसला

- राज्यों को 18 प्लस के टीके खरीदने में दिक्कतें आ रही थीं।
- मई के दो सप्ताह बीतने के बाद ही कई राज्य कहने लगे कि टीकों की केंद्रीकृत व्यवस्था ही ठीक थी।

### पर्दे के पीछे

- विदेशी कंपनियां केंद्र से करार को इच्छुक। ग्लोबल टेंडर फीके।
- सुप्रीम कोर्ट कह चुका 18 प्लस के लिए टीकों की खरीद केंद्र सरकार अपने हाथ में ले।


### पत्रिका व्यू

राष्ट्र के नाम अपने संदेश के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आखिरकार 'वैक्सीन डिप्लोमेसी' पर विराम लगा दिया। आशा की जानी चाहिए कि कोरोना महामारी से जूझ रही देश की जनता के लिए चलाया जा रहा टीकाकरण अभियान अब सहजता से और अनुशासित तरीके से चलेगा। गत तीन माह से देश का महत्वाकांक्षी टीकाकरण अभियान राजनीति और केन्द्र-राज्य के बीच चल रहे आरोप-प्रत्यारोपों के बीच उलझ कर रह गया था। इससे टीकाकरण की रफ्तार तो मंद पड़ी ही, तरह-तरह की आशंकाएं-अफवाहें भी जनमानस को प्रभावित करने लगी थीं।

शेष@पेज 11

**शिवराज बोले**

## हमने मांग की थी कि केंद्र करे पूरा वैक्सीनेशन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 साल से ज्यादा उम्र वाले देश के सभी लोगों को केंद्र द्वारा मुफ्त वैक्सीनेशन के ऐलान पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सच है कि कई राज्यों ने खुद वैक्सीनेशन करने की मांग की थी। इससे राज्यों में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई थी। कोई निर्माता कंपनी पर पहले डोज देने के लिए दबाव बना रहा था तो कोई ग्लोबल टेंडर कर रहा था। ऐसे में बिखरती व्यवस्था को देखकर मुझ सहित कई मुख्यमंत्रियों ने पीएम से मांग की थी कि केंद्र वापस वैक्सीनेशन को अपने हाथ में ले ले। शिवराज ने कहा कि कोरना संकट में रोजगार के अवसर पर सबसे ज्यादा असर हुआ है। हमने स्ट्रीट वेंडर सहित कई योजनाओं में हितग्राही के खाते में पैसे डाले, लेकिन केवल पैसे देना ही पर्याप्त नहीं है। अब मेडिकल के खाली पदों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही 22670 शिक्षकों की भर्ती भी शुरू कर रहे हैं।

पत्रिका 8/6/21

31

## उज्जवला योजना में वेक्सीनेशन अनिवार्य हो : पूर्व महापौर डागा

रतलाम। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्जवला योजना के तहत दिए जाने वाले 1 करोड़ नए कनेक्शनों हेतु वेक्सीनेशन अनिवार्य करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है। पूर्व महापौर श्री डागा ने बताया कि देश ही नहीं पूरी दुनिया की पहली प्राथमिकता वर्तमान में कोरोना महामारी से उबरने की है। इस महामारी से बचाव के लिए वेक्सीनेशन को बहुत उपयोगी बताया गया है, इसलिए यह हर व्यक्ति को कराना चाहिए। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 1 करोड़ नए कनेक्शन देने का जो निर्णय लिया है,उसमे वेक्सीनेशन को महत्व देने से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी। वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है,ऐसीस्थिति में वेक्सिनेशन से उज्जवला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जायेंगे। श्री डागा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री श्री प्रधान से इस दिशा में जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है,ताकि गैस कनेक्शन की खुशी के साथ हितग्राहियों के कोरोना से बचाव की सुनिश्चतता हो जाए।

## उज्जवला योजना में वैक्सीनेशन अनिवार्य हो-पूर्व महापौर

रतलाम ● पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्जवला योजना के तहत दिए जाने वाले 1 करोड़ नए गैस कनेक्शनों हेतु वैक्सीनेशन अनिवार्य करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है। वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है, ऐसी स्थिति में वैक्सीनेशन से उज्जवला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जाएंगे।

## उज्जवला योजना में वैक्सीन अनिवार्य करने की मांग

रतलाम. नगर निगम के पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्जवला योजना के तहत दिए जाने वाले 1 करोड़ नए कनेक्शन के साथ वैक्सीन अनिवार्य करने की मांग की है। डागा ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है।

पूर्व महापौर डागा ने बताया कि देश ही नहीं पूरी दुनिया की पहली प्राथमिकता वर्तमान में कोरोना महामारी से उबरने की है। इस महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगाने को बहुत उपयोगी बताया गया है, इसलिए यह हर व्यक्ति को कराना चाहिए। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 1 करोड़ नए कनेक्शन देने का जो निर्णय लिया है, उसमे वैक्सीनेशन को महत्व देने से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी। वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है,ऐसीस्थिति में वैक्सीनेशन से उज्जवला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जायेंगे।

## उज्जवला योजना में वेक्सीनेशन अनिवार्य हो-पूर्व महापौर डागा

रतलाम। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्जवला योजना के तहत दिए जाने वाले 1 करोड़ नए कनेक्शनों हेतु वेक्सीनेशन अनिवार्य करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है।

पूर्व महापौर श्री डागा ने बताया कि देश ही नहीं पूरी दुनिया की पहली प्राथमिकता वर्तमान में कोरोना महामारी से उबरने की है। इस महामारी से बचाव के लिए वेक्सीनेशन को बहुत उपयोगी बताया गया है, इसलिए यह हर व्यक्ति को कराना चाहिए। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 1 करोड़ नए कनेक्शन देने का जो निर्णय लिया है,उसमे वेक्सीनेशन को महत्व देने से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी? वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है,ऐसीस्थिति में वेक्सिनेशन से उज्जवला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जायेंगे? श्री डागा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री श्री प्रधान से इस दिशा में जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है,ताकि गैस कनेक्शन की खुशी के साथ हितग्राहियों के कोरोना से बचाव की सुनिश्चतता हो जाए।

## उज्ज्वला योजना में वैक्सीनेशन अनिवार्य हो

रतलाम। भाजपा नेता व पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले एक करोड़ नए कनेक्शनों हेतु वैक्सीनेशन अनिवार्य करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है। डागा ने बताया कि केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत एक करोड़ नए कनेक्शन देने का जो निर्णय लिया है, उसमें वैक्सीनेशन को महत्व देने से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी। वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है। वैक्सीनेशन से उज्ज्वला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जाएंगे।

# उज्जवला योजना में वेक्सीनेशन अनिवार्य हो : पूर्व महापौर डागा

प्रसारण न्यूज • रतलाम



पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने उज्जवला योजना के तहत दिए जाने वाले 1 करोड़ नए कनेक्शनों हेतु वेक्सीनेशन अनिवार्य करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भी लिखा है।

पूर्व महापौर श्री डागा ने बताया कि देश ही नहीं पूरी दुनिया की पहली प्राथमिकता वर्तमान में कोरोना महामारी से उबरने की है। इस महामारी से बचाव के लिए वेक्सीनेशन को बहुत उपयोगी बताया गया है, इसलिए यह हर व्यक्ति को कराना चाहिए। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 1 करोड़ नए कनेक्शन देने का जो निर्णय लिया है,उसमे वेक्सीनेशन को महत्व देने से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी। वर्तमान में देश और दुनिया कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंकित है,ऐसीस्थिति में वेक्सिनेशन से उज्जवला योजना के हितग्राही सुरक्षित हो जायेंगे। श्री डागा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री श्री प्रधान से इस दिशा में जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है,ताकि गैस कनेक्शन की खुशी के साथ हितग्राहियों के कोरोना से बचाव की सुनिश्चतता हो जाए।

# जिला अस्पताल में स्वच्छता शुरू, रेलवे में गंदगी कायम



लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

**रतलाम.** जिला अस्पताल में शव के पोसटमॉर्टम कक्ष के बाहर एक सप्ताह से अधिक समय से कायम गंदगी को पत्रिका में सोमवार को समाचार प्रकाशन के बाद साफ कर लिया गया, जबकि रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर गंदगी फिलहाल कायम ही है।

पत्रिका ने सोमवार को ही समाचार का प्रकाशन किया था कि शहर में एक तरफ नगर निगम स्वच्छता के लिए अभियान चला रहा है व गंदगी करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है वही दूसरी तरफ जिला अस्पताल व रेलवे स्टेशन पर निजी हाथ में इस कार्य को दिया गया है व जिनको यह कार्य दिया है, वे रुपए तो ले रहे है, लेकिन स्वच्छता करने में कोताही कर रहे है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी ननावरे ने कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई व सफाई को कहा।

इधर रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर गंदगी कायम है व इनको साफ करने की जिनकी जिम्मेदारी है, वे कार्रवाई होने का इंतजार कर रहे है।

पत्रिका 8/6/21

**सिर्फ आश्वासन** प्रोत्साहन राशि मिली नहीं, अवकाश का निराकरण अटका

# पहली लहर के साथ ही 'उड़ गए' योजनाओं-घोषणाओं के कागज

**पत्रिका स्कैन**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राज्य में कोरोना की दूसरी लहर अब नियंत्रण में है। संक्रमण दिनोंदिन कम हो रहा है। चिंतनीय यह है कि कोरोना की पहली लहर के दौरान सरकार द्वारा की गई कई घोषणाएं कागजी साबित हो रही हैं। कोरोना योद्धा हक पाने के लिए संघर्षरत हैं। सरकार से आश्वासन ही मिल रहा है। पहली लहर में सरकार द्वारा की गई घोषणाओं और वादों को पत्रिका ने स्कैन किया तो पता चला कि कुछ वादों के तो आदेश जारी ही नहीं हुए। अस्पतालों का उन्नयन भी नहीं हो पाया। हालांकि दूसरी लहर में आनन-फानन में बिस्तर बढ़ाए गए।

पॉजिटिव मरीज के साथ काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को 10 हजार रुपए प्रतिमाह की विशेष प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय सरकार ने लिया था। इसी प्रकार यदि किसी भी विभाग का कर्मचारी कोरोना नियंत्रण संबंधी कार्य करते हुए कोविड पॉजीटिव होता है, तो उसे 10 हजार की एकमुश्त राशि दी जाएगी। कैबिनेट से निर्णय के बाद भी ज्यादातर कोरोना योद्धा राशि का इंतजार आज भी कर रहे हैं।

पहली लहर के सैकड़ों कोरोना योद्धाओं के इलाज के बिल विभागों में लंबित हैं। तब सरकार ने कहा था वे सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज करा लें। बिल का भुगतान सरकार करेगी। इसी के तहत इन योद्धाओं ने इलाज करा लिया। बिल भी दे दिए, लेकिन अब बिल अटके हुए हैं।

## कोरोना योद्धा

पहली लहर में कोरोनाकाल में काम करने वाले सरकारी अधिकारी कर्मचारियों को कोरोना योद्धा का दर्जा तो दिया, लेकिन कई को योजना का लाभ नहीं मिला। विभिन्न विभागों के करीब चार हजार कर्मियों की मौत कोरोना संक्रमण के दौरान हुई। योजना के तहत आश्रित को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान था।

## अवकाश

नौकरी के दौरान संक्रमित हुए सरकारी अधिकारी-कर्मियों के अवकाश का निराकरण नहीं हो पाया है। 14 दिन होम क्वारंटाइन के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो इतने ही दिन इलाज में बीते। यानी 28 दिन अवकाश। विशेष अवकाश का प्रावधान नहीं होने से असमंजस रही। किसी का वेतन काटा गया तो किसी को सामान्य अवकाश मिला।



## मामले ऐसे भी

भोपाल के बाग सेवनिया निवासी मुकेश खरे बताते हैं कि उनकी पत्नी हुजूर तहसील में पटवारी थीं। ड्यूटी के दौरान 12 नवंबर 2020 को संक्रमित हुईं। लंबे इलाज के बाद एक दिसम्बर को मृत्यु हो गई। वे करीब 12 दिन वेंटिलेटर पर रहीं। सरकार ने कोरोना योद्धा योजना 31 अक्टूबर 2020 को समाप्त कर दी। पत्नी को कोरोना संक्रमण के लक्षण नवंबर दिखे थे। इलाज में 8-9 लाख रुपए खर्च हो गए। परिवार में दो बेटियां हैं। आर्थिक स्थिति खराब है। सरकार को चाहिए कि योजना का लाभ दिया जाए।

कोरोना की पहली लहर में सभी ने टीम वर्क से काम किया। अस्पतालों का उन्नयन किया गया। नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों की भर्ती की गई। अन्य रिक्त पदों के लिए प्रक्रिया जारी है। राज्य में अब कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। यदि तीसरी लहर आती है तो इसकी भी तैयारी है।

**- डॉ. प्रभुराम चौधरी**, स्वास्थ्य मंत्री

## तब यह लिए गए थे प्रमुख निर्णय

**कोविड-19** की असामान्य परिस्थितियों से निपटने के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए जिला कलेक्टर्स, विधायक निधि की राशि का उपयोग कोरोना टेस्टिंग किट्स, पीपीई किट्स, वेंटिलेटर्स, फेस मास्क, ग्लव्स, इन्फ्रारेड थर्मामीटर आदि चिकित्सा उपकरणों को खरीद सकेंगे।

**टैक्स सहित** बिजली, पानी के बिलों के मामले में लोगों को राहत दी गई। लोगों को विलंब से बिल जमा करने के बाद भी लेट फीस नहीं देना पड़ी।

**किराएदारों** का किराया माफ करने की बात तो सरकार ने की, लेकिन पारदर्शी सिस्टम लागू नहीं होने के कारण किराए को लेकर विवाद सामने आते रहे।

**प्रदेश के** 22 जिलों में जिला खनिज निधि में प्रतिवर्ष 500 करोड़ की राशि एकत्र होती है। इस राशि का एक तिहाई अर्थात 30 प्रतिशत राशि को इन्हीं जिलों में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण एवं बचाव के लिए दवाएं, बेड्स, वेंटीलेटर्स, मास्क, सैनेटाइजर आदि आवश्यक कार्यों के लिए उपयोग की अनुमति।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों को प्राप्त 14वें वित्त आयोग की राशि का 2.5 प्रतिशत उपयोग कर सैनेटाइजर एवं मास्क की खरीदी करने के आदेश जारी किए गए थे।

## पहली लहर से यह लिया सबक

कोरोना की पहली लहर से सरकार ने सबक लेते हुए अस्पतालों के उन्नयन का निर्णय लिया। इस काम ने तो गति नहीं पकड़ी, लेकिन स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य स्टाफ पर जरूर ध्यान दिया गया। दो हजार से ज्यादा स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की गई। डॉक्टरों की भी भर्ती हुई, इसके बाद भी बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं।

## कैबिनेट से मिली अनुकंपा नियुक्ति

पहली लहर के दौरान कुछ मामले ऐसे आए जिन्हें सरकार ने कोरोना योद्धा माना। उनकी मृत्यु के बाद आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति मिली। ये विशेष प्रकरण कैबिनेट में चर्चा में आए और यहीं से अनुकम्पा नियुक्ति पर मुहर लगी। इनमें दिवंगत निरीक्षक यशवंत पाल की पुत्री फाल्गुनी पाल को विशेष प्रकरण मानकर उप निरीक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। स्व. निरीक्षक देवेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी की पत्नी सुषमा चन्द्रवंशी के विशेष प्रकरण में उप निरीक्षक (विशेष शाखा) के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

पत्रिका 8/6/21



# 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की गति बढ़ाओ आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

रतलाम। दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निगमायुक्त ने अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि 4 लेन सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जाये ताकि सड़क के एक ओर 2 लेन का निर्माण पूर्ण होने पर सड़क के दूसरी ओर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य में तीव्रता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक, व्यापारी आदि पर जुर्माने की कार्यवाही की जाये साथ ही स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने के हेतु नियुक्त कर्मचारी पुरे शहर में पशु वाहन के साथ पुरे शहर में भ्रमण कर मवेशियों को पकड़ा जाये साथ ही रात्री में भी मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह साथ थे।

## नोटिस जारी करने के निर्देश

निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 46 हाट रोड की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र मेहता द्वारा उपस्थित नहीं होने व देरी से आने, वार्ड में सफाई नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये।

[illegible] 8/6/21